कार्यालय मुख्य छात्रावास अधिकारी
श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय)
जोबनेर, जिला जयपुर (राजस्थान) 303329
फोन नं. 01425-254022(का.), ई-मेल- dean.skncoa@sknau.ac.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

डॉ.पी.एस. शेखावत
मुख्य छात्रावास अधिकारी

क्रमांक : मु.छा.अ./श्रीकनकृमवि/2024/292-297 दिनांक 19.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के समस्त छात्रावासों (पॉल, पी.जी., रमन, भाभा, गर्ल्स एवं नया गर्ल्स छात्रावास) में दिन व रात के समय बिजली की व्यवस्था का कार्य करवाना है। इच्छुक फर्म/ठेकेदार अपनी निविदा दिनांक 26.02.2024 को 11.00 बजे तक कार्यालय में जमा करा सकते है। निविदा उसी दिन 11.30 बजे निविदा कमेटी द्वारा प्रसार शिक्षा विभाग में खोली जावेगी।

शर्ते :–

1. निविदादाता को निविदा के साथ रू. 1500/– बतौर धरोहर राशि का डीडी/चैक/नगद "अधिष्ठाता, श्री क. न. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर जमा करवानी अनिवार्य होगी, बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. छात्रावास में रखे व लगे हुए बिजली के सामान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
3. सम्बन्धित छात्रावास अधिकारियों व मुख्य छात्रावास अधिकारी के निर्देशानुसार छात्रावास की बिजली का कार्य समय पर संतोषप्रद व जिम्मेदारी पूर्वक करना होगा।
4. 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को निविदा कार्य पर लगाने का अधिकार नही होगा।
5. निविदादाता द्वारा बिल प्रति माह देना होगा ताकि भुगतान की व्यवस्था की जा सके।
6. निविदा की दर प्रति माह के हिसाब से निविदा में देनी होगी।
7. निविदा में वर्णित कार्यो के अतिरिक्त अन्य कार्यो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।
8. कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाये जाने पर निविदा तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दी जावेगा व धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. बिजली का कार्य सावधानी पूर्वक करना होगा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर उसकी जिम्मेदारी फर्म/निविदादाता स्वयं की होगी।
10. निविदादाता को किसी प्रतिष्ठित सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी कार्यालय/कम्पनी के कैटेगरी से सम्बन्धित विद्युत कार्य का सन्तोषप्रद अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
11. फर्म/निविदादाता का GST प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।
12. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार निविदा समिति के पास होगा।
13. न्यूनतम दर निविदादाता को रू. 100/– के नॉन–ज्यूडीशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र का अनुबन्ध पत्र देना होगा।

(हस्ताक्षर)
मुख्य छात्रावास अधिकारी

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् अधिष्ठाता महोदय, श्री क.न. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् प्रभारी, सिमका, श्री क.न. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निविदा को विश्वविद्यालय वेबसाइट/[illegible] पर अपलोड कराने का श्रम करावें।
3. श्रीमान् संयोजक/सदस्य, निविदा कमेटी, कृषि महाविद्यालय, जोबनेर ।
4. श्रीमान् आहरण एवं वितरण अधिकारी/कैशियर, लेखा शाखा, श्री क.न. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर।
5. समस्त सूचना पट्ट – नगरपालिका/जोरपुरा/नया बाजार/महाविद्यालय परिसर ।
6. मैसर्स ______________________________

Shekhawat 19/02/24
मुख्य छात्रावास अधिकारी